अज अदालत – संभागीय आयुक्त, बीकानेर संभाग, बीकानेर

नेमीचन्द –बनाम– स्टेट

किस्म मुकदमा : अपील सं. 175/2020 अंतर्गत धारा–75 एल.आर. एक्ट GCMS No. 2020/00192

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज	नं० व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
03.08.2021	पत्रावली प्रस्तुत हुई। क्षेत्राधिकार के बिन्दु पर बहस सुनी गई। अपील अपीलांट ने अपनी बहस के दौरान बताया कि अपील विरूद्ध इन्तकाल संख्या 71 ग्राम बीकानेर के खसरा नंबर 345, 346, 348, 353, 363 व 364 जो वसीयत के आधार पर भरा गया, को इस टिप्पणी के साथ "मुताबिक वसीयत इन्तकाल विवादित होने के कारण खारिज योग्य है" दिनांक 17.03.2020 को इकतरफा तौर पर अस्वीकार किया गया था। चूंकि तहसीलदार (राजस्व) बीकानेर द्वारा दिनांक 26.04.2019 को जारी आदेश के तहत श्री नेमीचंद के नाम नामान्तरण दर्ज करने के आदेश जारी किये गये थे किन्तु इसी बीच शंकरपूरी इत्यादि ने अपीलांट के पक्ष में वसीयत के आधार पर पारित उक्त आदेश दिनांक 17.03.2020 के खिलाफ उपखण्ड अधिकारी बीकानेर में अपील पेश की, जो वर्तमान में विचाराधीन है, जिसके आधार पर इन्तकाल विवादित होने के कारण तहसीलदार बीकानेर ने दिनांक 17.03.2020 को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत इन्तकाल दर्ज करने का प्रार्थना पत्र अस्वीकार कर दिया। जिसके विरूद्ध प्रार्थी ने व्यथित होकर इस न्यायालय में धारा 75 एल. आर. एक्ट के तहत अपील प्रस्तुत की। राजकीय अधिवक्ता ने अपनी बहस के दौरान अवगत कराया कि रकबा वाके ग्राम बीकानेर के खसरा नंबर 345, 346, 348, 353, 363 व 364 की कुल तादादी 4.48 हैक्टेयर भूमि की अपील न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बीकानेर के समक्ष विचाराधीन है। तहसीलदार बीकानेर द्वारा उक्त खसरा नंबर की 4.48 हैक्टेयर भूमि को विवादित मानकर अस्वीकार कर दिया, जिसकी अपील यहां की है। हमने पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज एवं अधिवक्ता उभय पक्ष की बहस का ध्यानपूर्वक अवलोकन एवं मनन किया। चूँकि तहसीलदार, बीकानेर का अपीलाधीन आदेश दिनांक 17.3.2020 से संबंधित प्रकरण वर्तमान में उप खण्ड अधिकारी, बीकानेर में विचाराधीन है, जहॉ पर उनके अधिकारों का निर्धारण होना है। अतः इस न्यायालय में प्रस्तुत अपील में कोई अनुतोष दिया जाना हम उचित नहीं समझते हैं। अभिभाषक अपीलांट द्वारा प्रस्तुत अपील सारहीन होने से इसी स्तर पर खारिज की जाती है। पत्रावली नंबर से कम होकर बाद तरतीब तकमील दाखिल दफ्तर हो। (हस्ताक्षर) संभागीय आयुक्त बीकानेर	